13. अनेक शब्दों की जगह एक शब्द

बहुत सारे शब्दों की जगह एक शब्द का प्रयोग करना भाषा को सरल और सुंदर बनाता है।

शिक्षण-संकेत

- ❖ समझाएँ, जो खेती करता है उसे किसान कहते हैं। जो कपड़े सिलता है उसे दरज़ी कहते हैं। किसान और दरज़ी एक शब्द द्वारा ही इनके बारे में पूरी जानकारी प्राप्त हो जाती है। इसके लिए अनेक शब्दों को बोलने की आवश्यकता नहीं है।
- ❖ पाठ पृष्ठ 51 पर दिए चित्रों को दिखाकर बच्चों से पहले अनेक शब्द फिर उनका एक शब्द पढ़वाएँ।
- ❖ बीच-बीच में बच्चों से पूछें, जहाँ पढ़ाई करने जाते हैं उसके लिए एक शब्द क्या होगा? जो इलाज करता है; उसे एक शब्द में क्या कहेंगे? आदि प्रश्नों द्वारा बच्चों को इस विषय के बारे में समझाएँ।
- ❖ सुनिश्चित करें, बच्चे पाठ को भली-भाँति समझ रहे हैं।
- ❖ अभ्यास करवाएँ, सहायता भी करें।